संख्या– पी–134/14–2–2018–800( 120 )/2018

प्रेषक,

आशीष तिवारी
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार, पर्यावरण,, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय भवन
पंचम तल सेक्टर एच, अलीगंज विस्तार
लखनऊ।

वन एवं वन्य जीव अनुभाग–2

लखनऊ, दिनांक 03 अगस्त 2018

विषयः– जनपद महोबा में बांदा–झांसी मार्ग मिर्जापुर–झांसी मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 76 एन0एच0 34 के किमी0 सं0 174 के बायी पटरी पर ग्राम कबरई के गाटा सं0 1604 पर विकसित किये जा रहे रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि0 द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 0.28581 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 05 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के पत्र संख्या–5139/11सी एफ/यूपी/अदर्स/30182/2017, ,दिनांक–31–5–2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद महोबा में बांदा–झांसी मार्ग मिर्जापुर–झांसी मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 76 एन0एच0 34 के किमी0 सं0 174 के बायी पटरी पर ग्राम कबरई के गाटा सं0 1604 पर विकसित किये जा रहे रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि0 द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 0.28581 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 05 वृक्षों के पातन की अनुमति का प्रस्ताव अपने स्तर से परीक्षण करने के उपरान्त शासन को उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव के अनुसार उक्त प्रयोजन हेतु मांगी गयी वनभूमि न्यूनतम है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। चूँकि प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जा रहा है, अतएव प्रश्नगत वनभूमि को गैर वानिकी प्रयोग के लिये दिये जाने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव से शासन सहमत हैं।

2– अतएव उक्त प्रस्ताव मूल रूप में (एक प्रति) संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

(आशीष तिवारी )
विशेष सचिव

संख्या–पी 134 (1)/14–2–2018–तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0,लखनऊ।
2– वन संरक्षक, चित्रकूटधाम बांदा।
3– जिलाधिकारी महोबा।
4– प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा वन प्रभाग,महोबा।
5– रू० खुल्बे, वाइस प्रेसीडेण्ट रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि0 94 महातमा गांधी मार्ग हजरतगंज लखनऊ।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह )
अनु सचिव